

## आदित्य के रोल में नजर आए मनस्वी विशिष्ठ ने छोड़ा इमली का साथ

स्टार प्लस के पॉप्युलर टीवी शो इमली में आए दिन नए ट्विस्ट आ रहे हैं। जहां शो में आर्यन और इमली ही स्क्रीन पर नजर आ रहे हैं। वहीं आदित्य लंबे समय से गायब हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि आदित्य ने एक बार फिर शो को टाटा, बाय–बाय कह दिया है। मनस्वी विशिष्ठ ने गश्मीर महाजनी को रिप्लेस किया था। लेकिन उन्होंने भी तीन महीने के अंदर ही शो से जाने का फैसला कर लिया। गशमीर तो इसलिए इमली से गए क्योंकि उन्हें दूसरे प्लेटफॉर्म पर अपनी किस्मत चमकानी थी। वहीं, मनस्वी की वजह शो के किरदार से है। उनका कहना है कि जिस तरह से आदित्य को दिखाया जा रहा है, वह उससे नाखुश हैं। मनस्वी ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया, मेकर्स से बात हुई और उन्होंने मुझे जाने दिया। जब मैंने शो साइन किया था, तब मैंने शुरू के कुछ एपिसोड्स देखे थे और ये महसूस किया था आदित्य, मालिनी और इमली तीनों सेंट्रल कैरेक्टर्स हैं। मुझे पता था कि फहमान खान ने आर्यन के रूप में एंटर किया था और उनका शो में अहम रोल है। लेकिन जितना मुझे पता था वो कि ये शो सिर्फ इमली और आदित्य के बारे में था। हालांकि टीवी बिजनेस में कुछ भी फिक्स नहीं है और दर्शकों के हिसाब से स्क्रिप्ट में बदलाव होते रहते हैं।

## इस ओटीटी प्लैटफॉर्म पर आएगी द कश्मीर फाइल्स

विवेक अग्निहोत्री की फिल्म द कश्मीर फाइल्स ने रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर धुंधाधार कमाई थी। कश्मीरी पंडितों पर हुए अत्याचार और उनके पलायन की दर्द भरी कहानी बताती इस फिल्म के कई शोज हाउसफुल रहे। फिल्म ने सिनेमाघरों में लोगों को रोने को मजबूर कर दिया था। इस बीच बहुत से लोग द कश्मीर फाइल्स का ओटीटी पर रिलीज होने का इंतजार कर रहे थे। यह इंतजार अब खत्म हो रहा है। द कश्मीर फाइल्स अब ओटीटी प्लैटफॉर्म जी5 पर रिलीज होगी। हालांकि अभी तक यह नहीं बताया गया है कि फिल्म कब आएगी। जब से इस फिल्म के ओटीटी पर आने की खबरें आई थीं, तभी से अंदाजा लगाया जा रहा था कि यह जी5 पर ही रिलीज होगी क्योंकि फिल्म की शुरुआत में ही इसे स्ट्रीमिंग पार्टनर बताया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जी नेटवर्क ने इस फिल्म के टीवी राइट्स भी ले लिए हैं और इसे मई में टीवी पर टेलिकास्ट किया जा सकता है। लेकिन अभी तक इसकी डेट सामने नहीं आई है। विवेक अग्निहोत्री ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने द कश्मीर फाइल्स के ओटीटी पर आने के बारे में बताया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जी नेटवर्क ने इस फिल्म के टीवी राइट्स भी ले लिए हैं और इसे मई में टीवी पर टेलिकास्ट किया जा सकता है।

## फूल–सी बेटी को सीने से चिपकाए देबिना बनर्जी ने मनाया बर्थडे



देबिना बनर्जी शादी के 11 साल बाद 3 अप्रैल 2022 को मां बनी हैं। वह और गुरमीत चौधरी दोनों ही पैरेंट्स बनने के बाद बेहद खुश हैं। उनकी खुशी उनके हर सोशल मीडिया पोस्ट पर साफ–साफ झलकती भी है। कभी वह उन्हें लोरी सुनाते हुए नजर आती हैं तो कभी उसे सीने से चिपकाए दिखाई देती हैं। कभी कपल उनके लिए घर में पूजा रखता है तो कभी नामकरण होने बाद की तस्वीर शेयर करता है। अब ऐसे में टीवी एक्ट्रेस ने एक और इंस्टा पोस्ट किया है। इसमें वह अपने सीने से चिपकाए लाडली को निहार रही हैं। मौका उनके प्री–बर्थडे सेलिब्रेशन का है। देबिना ने अपने इंस्टाग्राम पर दो फोटो शेयर की हैं। एक में वह बेटी को प्यार भरी नजरों से देख रही हैं। तो दूसरे में वह लियाना को सीने से लगाए कैमरे की तरफ पोज दे रही हैं। इस पोस्ट में उन्होंने एक कैप्शन भी लिखा है, मेरी प्यारी बेटी आपके साथ ट्विनिंग करने और लाइफ जीतने का सपना कितना एक्साइटिंग है। आपको बहुत सारा प्यार। लियाना को मेरा बर्थडे बेस्ट बनाने के लिए बुलाया गया है। इस फोटो पर सभी ने देबिना को जन्मदिन की बधाई दी है। साथ ही कुछ ने बेबी की तारीफ भी की है।

# कौन हैं बाबा सिद्दीकी जिनकी बात सलमान भी नहीं टालते, और न शाहरुख

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)




*बॉलिवुड में कुछ लोग ऐसे हैं जो सीधे तौर पर तो फिल्म इंडस्ट्री से नहीं जुड़े लेकिन सभी बड़े सुपरस्टार्स के साथ उनका बड़ा नजदीकी रिश्ता है। ऐसा ही एक बड़ा नाम हैं बाबा सिद्दीकी। एक दिन पहले ही 17 अप्रैल 2022 को बाबा सिद्दीकी की इफ्तार पार्टी में सलमान खान, शाहरुख खान के साथ ही फिल्म और टीवी की दुनिया के बड़े सितारे शामिल हुए। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर कौन हैं बाबा सिद्दीकी और आखिर सलमान खान से क्यों है उनका नजदीकी रिश्ता।*

**नेता हैं बाबा सिद्दीकी**

बाबा सिद्दीकी का पूरा नाम बाबा जियाउद्दीन सिद्दीकी है। बाबा अपने छात्र जीवन में ही कांग्रेस पार्टी से जुड़ गए थे। इसके बाद वह अलग–अलग आंदोलनों से जुड़ते चले गए। बाबा ने मुंबई के एमएमके कॉलेज से पढ़ाई की है। कांग्रेस पार्टी में शामिल होने के बाद बाबा 2 बार म्युनिसिपल कॉरपोरेटर के तौर पर काम किया। इसके बाद बाबा 3 बार कांग्रेस पार्टी से महाराष्ट्र विधानसभा में एमएलए भी रह चुके हैं। बाबा को मुंबई में जन नेता के तौर पर जाना जाता है। वह हर समय अपने क्षेत्र के लोगों की मदद करने के लिए उपलब्ध रहते हैं। उन्होंने अपने विधायक निधि का इस्तेमाल क्षेत्र के विकास कार्यों में किया जिसके कारण वह लोगों के बीच और ज्यादा पॉप्युलर हो गए।

**इफ्तार पार्टियों से सुर्खियों में छाए बाबा**

बाबा सिद्दीकी नैशनल मीडिया में तब छा गए जब वह रमजान के दौरान इफ्तार पार्टियां देने लगे। बाबा की इफ्तार पार्टी में केवल राजनीतिक हस्तियां नहीं बल्कि बड़े फिल्मी सितारे भी शामिल होने



लगे। सलमान खान, शाहरुख खान जैसे सभी बड़े कलाकार बाबा की पार्टी में नजर आते हैं। एक दिन पहले हुई बाबा की पार्टी में सलमान और शाहरुख के अलावा सोहेल खान, तमन्ना भाटिया, शहनाज गिल, शिल्पा शेट्टी, आयुष शर्मा और अर्पिता खान, सना खान, जय भानुशाली, रश्मि देसाई, करण सिंह ग्रोवर, कृष्णा अभिषेक और कश्मीरा शाह, संजय दत्त, हिना खान, मधुरिमा तुली, रकुल प्रीत सिंह, प्रतीक सहजपाल, ईशा गुप्ता, मोनालिसा, अरबाज खान, अंकिता लोखंडे जैसे बड़े सिलेब्रिटीज शामिल हुए।

**सलमान और शाहरुख की दोस्ती कराने वाले हैं बाबा**

बॉलिवुड स्टार सलमान खान और शाहरुख खान के बीच कटरीना कैफ की बर्थडे पार्टी के दौरान बुरी तरह लड़ाई हो गई थी। इसके बाद कई सालों तक सलमान और शाहरुख ने आपस में बात नहीं की। इसके बाद जब दोनों बाबा सिद्दीकी की इफ्तार पार्टी में पहुंचे तो बाबा ने ही दोनों के बीच सुलह करवाई। कई सालों तक एक–दूसरे दूर रहने वाले सलमान और शाहरुख बाबा की पार्टी में गले मिलते नजर आए। उसके बाद से शाहरुख और सलमान के संबंध पहले की तरह सामान्य हो गए।

**सलमान के साथ है खास जुड़ाव**

बाबा सिद्दीकी और सलमान खान के बीच काफी नजदीकी संबंध हैं। बाबा और सलमान अक्सर मिलते–जुलते नजर आते रहते हैं। कई समाजसेवा के कामों में भी सलमान बाबा के साथ जुड़े रहते हैं। साल 2020 और 2021 में हुए कोरोना लॉकडाउन के दौरान बाबा के बेटे जीशान सिद्दीकी ने सलमान खान की टीम के साथ जुड़कर न केवल भूखे लोगों के लिए खाने–पीने का इंतजाम किया बल्कि कोरोना की लहर में ऑक्सीजन से जूझते लोगों को भी मदद पहुंचाई थी। इससे पता चलता है कि बाबा और सलमान के कितने नजदीकी संबंध हैं। कहा जाता है कि सलमान खान ने चुनाव के दौरान बाबा सिद्दीकी के कहने पर ही मिलिंद देवड़ा के लिए प्रचार किया था।

# कौन हैं नौरन अली, जिनसे शादी करने जा रहे हैं विवियन डीसेना?

*टीवी ऐक्टर विवियन डीसेना का कुछ महीने पहले वाहबिज दोराबजी से तलाक हुआ था। लेकिन अब वह दूसरी शादी करने जा रहे हैं। ऐक्टर ने इस बात पर खुलासा किया है कि वह इजिप्ट की पूर्व पत्रकार नौरन अली से प्यार करते हैं और उनसे जल्द शादी करने वाले हैं। मधुबाला– एक इश्क एक जुनून ऐक्टर ने ये भी कहा है कि वह सोशल पर्सन नहीं हैं। इसलिए वह अपनी शादी की घोषणा सोशल मीडिया पर कर सकेंगे। और शायद ही कभी वह नौरन के साथ किसी टीवी और फिल्म की पार्टी में स्पॉट होंगे।*





विवियन ने इंटरव्यू में बताया कि जब नौरन ने एक इंटरव्यू के लिए उन्हें अप्रोच किया था, तब उनकी मुलाकात हुई थी। श्हां, मैं उससे प्यार करता हूं और हम जल्द शादी करने का भी सोच रहे हैं। हमारी साढ़े–चार साल पहले मुलाकात हुई थी, जब उन्होंने मुझसे एक इंटरव्यू के लिए कॉन्टैक्ट किया था। मैंने उसे हां कहने में तीन महीने का इंतजार करवाया। बाद में मेरी मैनेजमेंट टीम ने उसे काम के लिए मुंबई बुलाया और फिर हम वहां मिले। पहले हमारी दोस्ती हुई लेकिन बहुत जल्द हम प्यार में पड़ गए। मुझे लगता है कि मुझे प्यार हुआ है, इस बात का एहसास मुझे एक महीने में हो गया था।

**शादी से पहले नौकरी छोड़ना चाहती हैं नौरन**

विवियन ने आगे बताया, श्नौरेन की फैमिली लॉ से से है। उनका शोबिज से कोई कनेक्शन नहीं है। उन्होंने मुझसे नौरन की प्राइवेसी को प्रोटेक्ट करने की रिक्वेस्ट की थी। वह चाहते हैं कि हम एक नॉर्मल कपल की तरह रहें। यहां तक कि नौरन ने तो अपनी नौकरी तक छोड़ने का फैसला कर लिया है। मैं नहीं चाहता कि वह अटकलों और बेकार की अफवाहों का शिकार हो। उसने मुझसे यहां तक कहा है कि मैं उसे इवेंट्स में साथ न ले जाऊं। इसलिए, अगर आप मुझे किसी अवॉर्ड फंक्शन्स में अकेले देखते हैं, तो प्लीज मेरे बारे में कुछ भी ऊट–पटांग बातें न कहें।श

**शो पर हुई थी पहली पत्नी से मुलाकात**

बता दें कि ऐक्टर ने कसम से से टीवी में डेब्यू किया था। लेकिन पहचान उन्हें श्प्यार की एक कहानीश से मिली थी। और इसी टीवी शो में उन्हें वाहबिज दोराबजी से प्यार हो गया था। 2013 में इन्होंने शादी कर ली थी। लेकिन तीन साल बाद 2016 में अलग हो गए थे। फिर 2021 में तलाक ले लिया था। फिलहाल वह सिर्फ तुम सीरियल में नजर आ रहे हैं।